# पाठ 8 भारत देश हमारा

**यह भी जानें**

- भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।
- महात्मा गाँधी का आज़ादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान था।

फूलों सा सुंदर है देश हमारा,
अग्नि सा पावन है देश हमारा,
दक्षिण में खड़ा हिमालय यहाँ,
तो उत्तर में फैले मैदान यहाँ,
दूध-सी नदियाँ बहती हैं यहाँ,
तो गाँवों में फसल लहलहाती यहाँ,
ऐसा प्यारा भारत देश हमारा।

भांति-भांति के लोग हैं यहाँ,
भांति-भांति की हैं संस्कृतियाँ यहाँ,
गाँधी-नेहरू से लोग हैं यहाँ,
अब्दुल कलाम से ज्ञानी है यहाँ,
कश्मीर सा स्वर्ग है यहाँ,
तो कुर्ग-सा स्वीज़रलैंड है यहाँ,
ऐसा प्यारा भारत देश हमारा।

फल-फूलों की बहार है यहाँ,
तो ऋतुओं की छठा है निराली यहाँ,
बड़े-बच्चे सब मिलकर दौड़ लगाए यहाँ,
तो पशु-पक्षी भी चहचहाए हैं यहाँ,
ऐसा प्यारा भारत देश हमारा,

मिलकर इसे सजाएँगे,
विश्व में सबसे ऊपर ले जाएँगे,
हम सब एक, एक रहेंगे,
नारा सदा यही लगाएँगे।

Scanned by CamScanner

# नए शब्द

| सदा | पावन | नारा | निराली |
| --- | --- | --- | --- |
| हमेशा | पवित्र | स्लोगन | अलग |

**ऋतु**

मौसम

**अग्नि**

आग

**संस्कृतियाँ**

रीति रिवाज, पहनावा आदि

**भांति-भांति**

तरह-तरह

**लहलहाती**

हवा में लहराना

## अभ्यास

1. **प्रश्नों के लिए सही उत्तर चुनिए।**

क. भारत के उत्तर में क्या है?

(i) हिमालय ☐ (ii) मैदान ☐

ख. भारत के दक्षिण में क्या है?

(i) मैदान ☐ (ii) हिमालय ☐



Scanned by CamScanner

ग. भारत को फूलों से सुंदर क्यों कहा गया है?

(i) सुंदर प्राकृतिक दृश्यों के कारण ☐ (ii) सुंदर-सुदर लोगों के कारण ☐

घ. कवि कौन-सा नारा लगाने की बात कर रहा है?

(i) मिलजुलकर रहने का ☐ (ii) मिलकर खेती करने का ☐

ङ. इस कविता का मुख्य भाव क्या है?

(i) भारत की विशेषताएँ बताई गई हैं। ☐ (ii) अनकेता में एकता ☐

च. भारत का स्वीज़रलैंड किसे कहा गया है?

(i) कश्मीर ☐ (ii) कुर्ग ☐

**2. दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

क. मेदान ____________ ख. अगिन ____________

ग. नेहरु ____________ घ. दुध ____________

ङ. अबदुल ____________ च. बहर ____________

छ. पयारा ____________ ज. विशव ____________

झ. नदीयाँ ____________ ञ. संसकृतियाँ ____________

ट. ऋतूओं ____________ ठ. दक्षीण ____________

**3. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए।**

____________ सा सुंदर है देश हमारा,<br>
अग्नि सा ____________ है देश हमारा,<br>
____________ में खड़ा हिमालय यहाँ,<br>
तो उत्तर में फैले ____________ यहाँ,<br>
दूध-सी ____________ बहती हैं यहाँ,<br>
तो गाँवों में ____________ लहलहाती यहाँ,<br>
ऐसा प्यारा ____________ देश हमारा।





Scanned by CamScanner